# प्री–बोर्ड परीक्षा

समय : 3.00 घण्टे | कक्षा–10 | पूर्णांक : 70

## हिन्दी

नोट: (अ) प्रश्न पत्र दो खण्डों में विभाजित है।
(ब) खण्ड अ में बहुविकल्पीय प्रश्नों का सही विकल्प चुनकर विद्यार्थी अपनी ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक में भरें। खण्ड ब वर्णानत्मक प्रश्न हैं।
(स) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

### खण्ड–अ

1. किस विधा में नाटक के तत्व निहित होते हैं– 1
(अ) कहानी (ब) नाटक (स) उपन्यास (द) एकांकी

2. भारत दुर्दशा है– 1
(अ) नाटक (ब) कहानी (स) उपन्यास (द) एकांकी

3. सरस्वती पत्रिका का प्रकाशन काल है– 1
(अ) 1870 (ब) 1880 (स) 1900 (द) 1868

4. द्विवेदी युग की कालाविधि है– 1
(अ) 1851–1887 (स) 1867–1914
(स) 1856–1934 (द) 1900–1922

Gyansindhuclasses

5. रीतिमुक्त कवि कौन हैं– 1
(अ) आलम (ब) मतिराम (स) पन्त (द) प्रसाद

6. स्वामी वल्लभाचार्य के आराध्य कौन थे– 1
(अ) शिव (ब) श्री कृष्ण (स) गणेश (द) श्री राम

7. प्रिय प्रवास की कथा पर आधारित है– 1
(अ) गणेश (ब) मीरा (स) शिव (द) कृष्ण

8. वीरगाथा काल में रचनाएं कितने भागों में विभक्त है– 1
(अ) 4 (ब) 3 (स) 5 (द) 2

9. संचारी भावों की संख्या है– 1
(अ) 27 (ब) 29 (स) 31 (द) 33

10. अलंकार के कितने प्रकार होते हैं– 1
(अ) 4 (ब) 2
(स) 3 (द) 5

11. उपमा अलंकार के कितने अंग हैं– 1
(अ) 6 (ब) 5 (स) 3 (द) 4

12. 'सनसनाहट' में प्रत्यय है– 1
(अ) सन (ब) सनसन
(स) हट (द) आहट

13. हल्दी शब्द का तत्सम है– 1
(अ) हरदी (ब) हरिद्रा (स) हलदिका (द) हरिद्रका

1

14. निम्न में से कौन सा शब्द तत्सम नही है–

(अ) गायक (ब) नायक

(स) शावक (द) उपखान 1

15. सूरज का पर्यायवाची है–

(अ) रवि (ब) सूर्य (स) भानु (द) ये सभी 1

16. सन्धि कितने प्रकार की होती है–

(अ) 3 (ब) 4 (स) 2 (द) 5 1

17. फल शब्द का प्रथमा विभक्ति का बहुवचन का रुप है–

(अ) फलम् (ब) फलेन

(स) फले (द) फलानि 1

18. फल शब्द की पंचमी विभक्ति का एकवचन का रुप है–

(अ) फलात् (ब) फलाभ्य (स) फलाभिः (द) फलाम् 1

19. उपसर्ग होते हैं–

(अ) शब्द (ब) शाब्दांश (स) वर्ण (द) धातु 1

20. शताब्दी में समास है–

(अ) द्वन्द्व (ब) द्विगु

(स) तत्पुरुष (द) कर्मधार्य

## खण्ड–ब

21. निम्नलिखित गद्यांशों के आधार पर किसी एक के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 6

हम लोग ऐसे समय में समाज में प्रवेश करके अपना कार्य आरम्भ करते हैं, जबकि हमारा चित्त कोमल और हर तरह का संस्कार ग्रहण करने योग्य रहता है। हमारे भाव अपरिमर्जित और हमारी प्रवृत्ति अपरिपक्व रहती है। हम लोग कच्ची मिट्टी की मूर्ति के समान रहते हैं, जिसे जो जिस रुप का चाहे उस रुप का करे/चाहे राक्षस बनावे चाहे देवता।

Gyansindhuclasses

प्र० (क) प्रस्तुत अवतरण का सन्दर्भ लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) लेखक के अनुसार हम लोग किस तरह रहते हैं?

**अथवा**

अश्वारोही पास आया। ममता ने रुक–रुककर कहा–" मैं नहीं जानती कि वह शहंशाह था, या साधारण मुगल; पर एक दिन इसी झोपडी के नीचे वह रहा। मैंने सुना था कि वह मेरा घर बनवाने की आज्ञा दे चुका था। मैं आजीवन अपनी झोपड़ी के खोदे जाने के डर से भयभीत रही। भगवान ने सुन लिया, मैं आज इसे छोड़े जाती हूँ। तुम इसका मकान बनाओ या महल, मैं अपने चिर–विश्राम–गृह में जाती हूँ।

प्र० (क) प्रस्तुत अवतरण का सन्दर्भ लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) (अ) शहंशाह शब्द किसके लिए प्रयोग किया गया है?

(ब) 'चिर–विश्राम–गृह' से क्या आशय है?

(स) आजीवन भयभीत रहने का कारण लिखिए।

22. निम्नलिखित पद्यांश के आधार उनके साथ दिए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 6

जप, माला, छापा तिलक, सरै न एकौ कामु।
मन काँचै नाचै वृथा, सांचे राँचै रामु।।

प्र० (क) कवि के अनुसार ईश्वर की प्राप्ति कैसे होती है?
(ख) कवि के अनुसार किन झूठे दिखावों से ईश्वर की प्राप्ति नहीं हो सकती?
(ग) प्रस्तुत पद्यांश में कौन सा अलंकार है?

**अथवा**

चढ़ चेतक पर तलवार उठा, रखता था भूतल पानी को।
राणा प्रताप सिर काट–काट, करता था सफल जवानी को।।

प्र० (क) प्रस्तुत पद्यांश की का मूल स्पष्ट कीजिए।
(ख) प्रस्तुत पद्यांश का काव्य सौंदर्य लिखिए।
(ग) 'तलवार' तथा 'नायक' के पर्यायवाची लिखिए।

23. (क) निम्न गद्यांश में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए। 4

मानव जीवनस्य संस्करणं संस्कृतिः। अस्माकं पूर्वजाः मानवजीवनं संस्कर्तुं महान्तं प्रयत्नं अकुर्वन्। ते अस्माकं जीवनस्य संस्करणाय यान् आचारान् विचारान् च अदर्शयन् तत् सर्वम् अस्माकं संस्कृतिः।

**अथवा**

अलक्षेन्द्रः – अथ मे भारतविजयः दुष्करः।
पुरुराजः – न केवलं दुष्करः असम्भवोऽपि।
अलक्षेन्द्रः – (सरोषम्) दुर्विनीत, किं न जानासि, इदानीं विश्वविजयिनः अलक्षेन्द्रस्य अग्रे न विस्मराम:
Gyansindhuclasses
पुरुराजः – जानामि, किन्तु सत्यं तु सत्यम् एवं यवनराज! भारतीयाः वयं गीतायाः सन्देशं न विस्मरामः।
अलक्षेन्द्रः – कस्तावत् गीतायाः सन्देशः?
पुरुराजः – श्रूयताम्।

हतो वा प्राप्स्यसि स्वर्गं जित्वा वा भोक्ष्यसे महीम्।
निराशीर्निर्ममो भूत्वा युध्यस्व विगतज्वरः।।

(ख) निम्न पद्यांश में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए। 4

सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु, मा कश्चिद् दुःखभाग् भवेत्।।

**अथवा**

उदित उदयगिरि मंच पर रघुबर बालपतंग।
बिकसे संत सरोज सब हरबे लोचन भृंग।।

24. अपने खण्ड काव्य के आधार पर निम्न प्रश्नो मे से किसी एक का उत्तर दीजिए। 5

(क) **'मेवाड़ मुकुट'** के आधार पर महाराणाप्रताप का चरित्र–चित्रण कीजिए।
**'मेवाड़ मुकुट'** के द्वितीय सर्ग की कथा की संक्षिप्त प्रस्तुति कीजिए।

(ख) **'अग्रपूजा'** खण्डकाव्य में तृतीय सर्ग की कथा अपने शब्दों में लिखिए।
**'अग्रपूजा'** खण्डकाव्य के नायक श्रीकृष्ण का चरित्र–चित्रण कीजिए।

(ग) **'कर्मवीर भरत'** खण्डकाव्य की प्रमुख घटनाओं का उल्लेख कीजिए।
**'कर्मवीर भरत'** खण्डकाव्य के आधार पर कैकेयी का चरित्र–चित्रण कीजिए।

(घ) **'जय सुभाष'** खण्डकाव्य के प्रथम सर्ग की कथा अपने शब्दों में लिखिए।
**'जय सुभाष'** के नायक सुभाष चन्द्र बोस का चरित्र–चित्रण कीजिए।

(ङ) **'मातृभूमि के लिए'** खण्डकाव्य के पंचम सर्ग की कथा संक्षेप में लिखिए।
**'मातृभूमि के लिए'** खण्डकाव्य के आधार पर चन्द्रशेखर आजाद के क्रान्ति रुप का चत्रिण चित्रण कीजिए।

(च) **'तुमुल'** खण्डकाव्य के सप्तम एवं अष्टम सर्ग की कथा अपने शब्दों मे लिखिए।
**'तुमुल'** खण्डकाव्य के प्रमख पात्र का चरित्र–चित्रण कीजिए।

(छ) **'ज्योति जवाहर'** खण्डकाव्य की प्रमुख घटनाओं का उल्लेख कीजिए।
**'ज्योति जवाहर'** खण्ड़काव्य के नायक की चार चारित्रिक विशेषताओं को उल्लेख कीजिए।

(ज) **'कर्ण'** खण्डकाव्य के आधार पर स्त्री पात्र का चरित्र चित्रण कीजिए।
**'कण'** खण्डकाव्य के छठे सर्ग की कथा अपने शब्दों में लिखिए।

(झ) **'मुक्तिदूत'** खण्डकाव्य के आधार पर गाँधी जी का चरित्र–चित्रण कीजिए।
**'मुक्तिदूत'** खण्डकाव्य की प्रमुख घटनाओं का उल्लेख कीजिए।

**25. (क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक का जीवन परिचय देते हुए उनकी किन्हीं दो रचनाओं का नाम लिखिए।** **4**

Gyansindhuclasses

(अ) डा० राजेन्द्र प्रसाद (ब) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(स) जयशंकर प्रसाद

**(ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी एक का जीवन परिचय देते हुए उनकी किन्हीं दो रचनाओं का उल्लेख कीजिए।** **4**

(अ) बिहारी लाल (ब) सूरदास (स) रसखान

**26. अपनी पाठ्य पुस्तक से कण्ठस्थ किया हुआ कोई एक श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न–पत्र में न आया हो।** **2**

**27. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए।** **4**

(क) गीतायाः कः संदेशः? (ख) चन्द्रशेखरः कः आसीत्?
(ग) ज्ञानं कुत्र सम्भवति (घ) पदेन बिनां किम् दूरं याति?

**28. रोला अथवा सोरठा छन्द की परिभाषा एवं उदाहरण दीजिए।** **2**

**29. निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए।** **4**

(क) गंगा हिमालय से निकलती है। (ख) वह गंगा का जल है।
(ग) बालक गेंद से खेलते हैं। (घ) आओ खेलने चलें।
(ङ) पेड़ से पत्ते गिरते हैं।

**30. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए।** **5**

(क) भारत का प्रधानमंत्री (ख) सोशल मिडिया
(ग) वन रहेंगे हम रहेंगे (घ) प्रदूषण
(ङ) ई–कॉमर्स